I/773254/2023

કર્મચારી રાજ્ય વીમા નિગમ
(શ્રમ અને રોજગાર મંત્રાલય, ભારત સરકાર)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

प्रादेशिक કચેરી / क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office
પંચદીપ ભવન, આશ્રમ માર્ગ, અમદાવાદ, ગુજરાત - 380 014
पंचदीप भवन, आश्रम मार्ग, अहमदाबाद, गुजरात - 380 014
Panchdeep Bhavan, Ashram Road, Ahmedabad, Gujarat - 380 014
Phone : 079-27582400/450, E-mail : rd-gujrat@esic.nic.in
Website : www.esic.nic.in / www.esic.in

दिनांकः-16/10/2023

प्रेस नोट

कामगारों द्वारा हितलाभ आवेदन सरल करने हेतु कर्मचारी राज्य बीमा निगम चला रहा है आधार सीडिंग अभियान

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अधीन कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा कामगारों को चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, बेरोजगारी भत्ता इत्यादि अनेक आर्थिक एवं चिकित्सा से संबंधित हितलाभ दिये जाते हैं। यह सभी लाभ भविष्य में और सरलता से उपलब्ध हो सके इसलिए कर्मचारी राज्य बीमा योजना में व्याप्त कामगार, उनके परिवारजन एवं नियोजक कर्मचारी राज्य बीमा निगम के कामगार पोर्टल अथवा नियोजक पोर्टल पे उपलब्ध लिंक का उपयोग करके ऑनलाइन आधार सीडिंग कर सकते है। व्याप्त कामगार निगम की मॉडल हॉस्पिटल बापुनगर एवं नजदीकी शाखा कार्यालयो में जाकर भी आधार सीडिंग करवा सकते है। अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत निगम के अहमदाबाद मे बारह एवं अन्य जिलों मे दस शाखा कार्यालय कार्यरत है। ये शाखा कार्यालय उनके कार्यक्षेत्र में स्थित नियोक्ताओं के सहयोग से संयुक्त कैम्प का भी आयोजन करके कामगारों का आधार सीडिंग कर रहे है। वर्तमान मे एवेन्यू सुपरमार्ट प्रा. लि. (डी मार्ट), गुजरात अंबुजा लिमिटेड कड़ी, रिलायंस इंडस्ट्रीस लिमिटेड नरोडा, सोमानी सिरमिक्स कड़ी सहित अनेक जगहों पर आधार सीडिंग के कैम्प चल रहे है। नियोक्ता अपने कामगारों के आधार सीडिंग के लिए निगम के नजदीकी शाखा कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

योगेश वडसरा
उप निदेशक - जनसम्पर्क

Signed by
Yogesh Kalidas Vadsara
Date: 18-10-2023 11:09:25